# कोरोना से लोग घर में ज्यादा हो रहे हैं संक्रमित

**शोध**

दक्षिण कोरिया में हुए अध्ययन में पाया है कि लोग घर के अंदर ज्यादा संक्रमित हो रहे

■यह अध्ययन अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन में प्रकाशित हुआ




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सोल। कोरोना वायरस महामारी से जंग के लिए दुनियाभर में लोगों को कम से कम घर से बाहर निकलने के लिए कहा जा रहा है। इस बीच दक्षिण कोरिया के महामारी विशेषज्ञों ने अपने अध्ययन में पाया है कि घर के अंदर होने वाले संपर्कों की वजह से कोविड–19 महामारी से संक्रमित हो रहे हैं। उनका यह अध्ययन अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन में 16 जुलाई को प्रकाशित हुआ है।

इस शोध में 5706 मरीजों पर शोध किया गया जो कोरोना वायरस पॉजिटिव थे और 59 हजार ऐसे लोगों को शामिल किया गया जो उनके संपर्क में आए थे। इस शोध से पता चला है कि 100 में से केवल दो लोग घर के बाहर कोरोना वायरस के संपर्क में आए। वहीं 10 में से 1 व्यक्ति घर के अंदर कोरोना वायरस के संपर्क में आया। शोध में यह भी पाया गया कि जब बुजुर्ग और किशोर कोरोना वायरस से संक्रमित हुए तब घर के ज्यादा लोग इस महामारी की चपेट में आए।

दक्षिण कोरिया महामारी रोकथाम सेंटर के डायरेक्टर जिओंग इउन क्योंग ने कहा, ऐसा इसलिए है कि इस उम्र समूह के लोगों का परिवार के सदस्यों से नजदीकी संपर्क होता है और उन्हें ज्यादा संरक्षण या सहायता की जरूरत होती है। अध्ययन में यह भी पाया गया है कि बच्चों में कोरोना वायरस के गंभीर मामलों का खतरा कम होता है। यह आंकड़े 20 जनवरी से लेकर 27 मार्च के बीच इकट्ठा किए गए थे।

**कोविड-19 के वैश्विक स्तर पर मामले 1.4 करोड़ से ज्यादाः** इस बीच जॉन्स हॉपकिंस विश्वविद्यालय के अनुसार वैश्विक स्तर पर कोविड–19 मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1.4 करोड़ से अधिक हो गई है। वहीं दुनिया में अब तक 6.15 लाख से अधिक लोगों की इस वायरस के कारण मौत हो चुकी है। विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने अपने ताजा अपडेट में बताया है कि बुधवार की सुबह तक दुनिया में कुल मामलों की संख्या 1,48,98,145 और मौतों की संख्या बढ़कर 6,15,462 हो गई।

सीएसएसई के अनुसार, दुनिया में अमेरिका अब भी सबसे अधिक प्रभावित देश है जहां 38,99,072 मामले और 1,41,992 मौतें दर्ज हो चुकी हैं। 21,59,654 संक्रमण के मामलों और 81,487 मौतों के साथ ब्राजील दूसरे स्थान पर है। सीएसएसई के आंकड़ों से पता चलता है कि संक्रमणों की संख्या (11,55,354) के मामले में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है।

## न्यूज डायरी



### न्यूजीलैंड में अधीनस्थ कर्मचारी के साथ प्रेम संबंध रखने पर मंत्री बर्खास्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने बुधवार को कहा कि उन्होंने आव्रजन मंत्री को एक अधीनस्थ कर्मचारी के साथ अनैतिक संबंध रखने के कारण पद से हटा दिया है। अर्डर्न ने कहा कि आव्रजन मंत्री इयान लीस–गैलोवे का एक महिला के साथ लगभग एक साल तक प्रेम संबंध रहा। यह महिला उनके अधीन एजेंसियों में से एक में काम करती थी। बाद में इस महिला को मंत्री लीस–गैलोवे के कार्यालय में नियुक्त किया गया। लीस–गैलोवे (41) ने कहा कि उन्हें अर्डर्न का फैसला स्वीकार है और उन्होंने अपने किए के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि वह सितंबर में होने वाले आम चुनाव में भी खड़े नहीं होंगे। लीस–गैलोवे ने बयान में कहा, 'मैंने अपने पद पर रहते हुए पूरी तरह अनुचित तरीके से काम किया और मैं मंत्रिपद पर नहीं रह सकता।' मात्र एक ही दिन पहले विपक्ष के सांसद एंड्रयू फैलोन ने कई महिलाओं को अश्लील तस्वीरें कथित रूप से भेजने के बाद अचानक इस्तीफा दे दिया था।

### पाकिस्तान में वर्दीधारी हथियारबंद लोगों ने पत्रकार को दिनदहाड़े किया अगवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में देश के शक्तिशाली संस्थानों की आलोचना के लिए चर्चित एक वरिष्ठ पत्रकार को अज्ञात वर्दीधारी लोगों ने मंगलवार को दिनदहाड़े अगवा कर लिया। अगवा किए गए पत्रकार मतिउल्लाजान के परिवार और एक मंत्री ने इसकी पुष्टि भी की। हालांकि पूरे देश में इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद सरकार की आलोचना शुरू हो गई और अपहरण करने वालों को उन्हें छोड़ना पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल फुटेज के मुताबिक मतिउल्लाजान को सेक्टर जी–6 इलाके में उनकी कार से खींचकर निकाला गया और अज्ञात स्थान की ओर ले जाया गया। उनके ट्विटर अकाउंट से एक ट्वीट किया गया। बताया जा रहा है कि मतिउल्लाजान के बेटे ने संभवतः यह ट्वीट किया था।

### हम सुलेमानी को भूले नहीं, अमेरिका को भुगतना होगा अंजामः ईरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान ने एक बार फिर अमेरिका को अंजाम भुगतने की धमकी दी है। ईरान कहा है कि अमेरिका को कासिम सुलेमानी को मारने का बराबर का खमियाजा भुगतना पड़ेगा। मंगलवार को ईराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल–कादिमी के साथ हुए बैठक में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने अमेरिका को धमकाया। खामनेई की आधिकारिक वेबसाइट पर भी इस बात का जिक्र था। 3 जनवरी को अमेरिकी ड्रोन हमले में सुलेमानी की मौत हो गई थी। वह ईरान की रेवोल्युशनरी गार्ड्स के लीडर थे। अमेरिका ने सुलेमानी पर इलाके में अमेरिकी फौज पर हुए हमले के पीछे के मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया था। खामनेई ने कादिमी से कहा, उन्होंने (अमेरिका) आपके मेहमान को आपके घर में मारा और बेशर्मी से उसे स्वीकार भी किया। कादिमी आधिकारिक यात्रा पर ईरान पहुंचे थे।

### चमत्कारी ऑक्सफर्ड वैक्सीन में एनआरआई ने लड़ा दी जान, ट्रायल में बना वॉलंटियर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। 42 साल के दीपक पालीवाल ब्रिटेन में फार्मा कनसल्टेंट हैं। उन्होंने ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी की कोविड–19 वैक्सीन ChAdOÜ1 nCoV–19 के लिए वॉलंटियर के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। हालांकि इसके कई संभावित खतरे थे लेकिन दीपक ने इस अभियान का हिस्सा बनने की ठानी। दीपक के इस फैसले को लेकर उनके परिवार और दोस्तों में थोड़ी झिझक थी। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी समेत पूरा परिवार मेरे इस फैसले को लेकर फिक्रमंद था। मुझे इस प्रयोग का हिस्सा बनने से मना किया जा रहा था। लेकिन मुझे यह कहना था। मैं दुनिया को इस वैश्विक महामारी से बचाने में मदद करना चाहता था। भले ही इसके लिए मुझे अपनी जान खतरे में क्यों न डालनी पड़े। अप्रैल की 16 तारीख को पालीवाल ChAdOÜ1 nCoV–19 वैक्सीन 1000 वॉलंटियर्स का हिस्सा बने। मंगलवार को टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वह इस अभियान का हिस्सा बनकर खुश हैं।

## चीन ने भूटान की जमीन पर फिर ठोका अपना दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन ने एक बार फिर से भूटान के भारत से सटे सकतेंग वाइल्ड लाइफ सेंचुरी पर अपना दावा ठोका है। चीन ने कहा कि भूटान के साथ उसकी सीमा का अभी भी निर्धारण किया जाना बाकी है। यही नहीं चीनी ड्रैगन ने सीमा विवाद के मुद्दे के समाधान के लिए भूटान को पैकेज समाधान का प्रस्ताव दिया है। उधर, भूटान ने चीन के इस दावे को एक बार फिर से खारिज कर दिया है।

चीन ने भारत से चल रहे तनाव के बीच एक चौका देने वाला कदम उठाते हुए ग्लोबल इन्वायरमेंट फसिलिटी काउंसिल की 58वीं बैठक में भूटान के सकतेंग वन्यजीव अभयारण्य की जमीन को विवादित बताया था। साथ ही इस परियोजना को होने वाली फंडिंग का विरोध करने का प्रयास किया था। भूटान में चीन के दावे के बारे में सवाल पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि दोनों देशों के बीच सीमा का निर्धारण किया जाना बाकी है। वांग ने कहा, चीन की हमेशा स्पष्ट और सतत रहती है। चीन और भूटान के बीच सीमा का निर्धारण नहीं किया गया है और मध्य, पूर्वी तथा पश्चिमी सेक्शन में विवाद है। चीन इस विवाद के समाधान के लिए पैकेज समाधान के प्रस्ताव का समर्थन करता है।



**16 साल की कमर गुल ने लिया ऐसा इंतकाम, कांप गया तालिबान**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अफगानिस्तान। दुनियाभर में अपने खूंखार आतंकवादियों के लिए कुख्यात अफगानिस्तान में एक 16 वर्षीय लड़की का इंतकाम चर्चा का विषय बन गया है। अफगानिस्तान के घोर प्रांत में रहने वाली कमर गुल ने तालिबान आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाया कि उनकी रूह भी कांप गई। कमर गुल अपने माता–पिता की हत्या करने वाले तालिबान आतंकवादियों के खिलाफ शेरनी बन गई और एके–47 उठाकर तीन आतंकियों को भून डाला। उनका यह इंतकाम अब दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। तालिबान आतंकवादियों ने सरकार का समर्थन करने पर गुल के घर में घुसकर उनके माता–पिता को मार डाला था जिसका गुल ने पूरा इंतजकाम लिया। गांव पर 40 से अधिक आतंकवादियों ने हमला किया था।

## यूएस ने बंद किया चीनी दूतावास, ड्रैगन ने दी धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमेरिका–चीन तनाव चरम पर, चीनी महावाणिज्य दूतावास को 72 घंटे में बंद करने का आदेश

वॉशिंगटन। अमेरिका ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए चीन को अपने ह्यूस्टन स्थित महावाणिज्य दूतावास को 72 घंटे के अंदर बंद करने का आदेश दिया है। इस अमेरिकी आदेश के बाद चीनी दूतावास के कर्मचारी गोपनीय दस्तावेजों को जलाते हुए देखे गए हैं। उधर, अमेरिका के इस कदम के बाद चीन भड़क उठा है और उसने आवश्यक जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है।

बताया जा रहा है कि अमेरिका ने चीन के साथ जारी गंभीर तनाव को देखते हुए ह्यूस्टन के महावाणिज्य दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। इसके लिए अमेरिका ने चीन को 72 घंटे का समय दिया है। इतने कम समय में महावाणिज्य दूतावास को खाली करने के आदेश से चीन के विदेश मंत्रालय में हड़कंप मच गया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस कदम की कड़ी निंदा की है और कहा कि अमेरिका ने इस गलत आदेश को वापस नहीं लिया तो वह एक न्यायोचित और आवश्यक जवाबी कार्रवाई करेगा। उधर, अमेरिका के आदेश के बाद चीनी दूतावास के अंदर अफरातफरी का माहौल देखा गया। यही नहीं चीनी कर्मी बड़ी संख्या में गोपनीय दस्तावेजों को जलाते देखे गए हैं।

हालत यहां तक हो गई कि आग को देखकर ह्यूस्टन के फायर डिपार्टमेंट की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं लेकिन वे दूतावास के अंदर नहीं गईं। चीन के दूतावास से निकल रही आग की लपटों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। अमेरिका के इस कदम से अब चीन के साथ उसके संबंधों के और ज्यादा तनावपूर्ण होने की आशंका बढ़ गई है।

## अलास्का में भीषण भूकंप, सूनामी की चेतावनी के बाद अफरातफरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के अलास्का राज्य में भीषण भूकंप आने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 7.8 आंकी गई है। यह भूकंप कितना शक्तिशाली था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता कि 500 मील दूर तक झटके महसूस किए गए। सुनामी की चेतावनी के बाद तटीय इलाके में अफरातफरी मच गई है और लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। यूएसजीएस की रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप का केंद्र जमीन से छह मील गहराई में स्थित था। भूकंप के केंद्र से 200 मील के इलाके में सुनामी की चेतावनी दी गई है। माना जा रहा है कि सुनामी की वजह से समुद्र में विशाल लहरें उठ सकती हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले कई सप्ताह तक भूकंप के बाद आने वाले झटके महसूस किए जा सकते हैं। यूएसजीएस ने कहा कि सभी लोगों को सलाह दी जाती है कि आने वाले समय में और ज्यादा झटके आ सकते हैं। ये झटके और ज्यादा शक्तिशाली हो सकते हैं। इसलिए सभी लोग सतर्क रहें।